Regarding need to extend the Bilaspur-Hapur train to Dwarka and Raipur-laid

श्री मोहनभाई कुंडारिया **(राजकोट):** मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान बिलासपुर-हापा ट्रेन के खाली रैक की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । बिलासपुर-हापा ट्रेन नं 22939 / 22940, हापा पहुंचने के बाद खाली रैक को अब मेंटेनेंस के लिए ओखा भेजा जा रहा है । यह रैक मेंटेनेंस के बाद ओखा से हापा तक खाली लौटता है, और आगे हापा-बिलासपुर एक्सप्रेस बनकर चलती है । हर साल, 'वैष्णव' संप्रदाय के हजारों भक्त चंपारण (रायपुर के पास) के पवित्र स्थान पर यात्रा करते हैं । इसी तरह, भगवान कृष्ण के अनेक भक्त चंपारण से देवभूमि द्वारका आते हैं । इस ट्रेन को द्वारका एवं रायपुर की और विस्तार से भक्तगणों के साथ साथ आस-पास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भी लाभ होगा । अतः मैं माननीय रेल मंत्री जी से विनम्र निवेदन करता हूं, की वे इस मामले में जनहित में जल्द से जल्द यह बिलासपुर-हापा ट्रेन को द्वारका एवं रायपुर की और विस्तार करने का निर्देश दें । धन्यवाद ।